

## ऊं अंटावां के लिए साम्था ने ली 5 करोड़ फीस! गणेश आचार्य को टालनी पड़ी थी सर्जरी

फिल्म पुष्पा के साथ–साथ इसके गानों भी सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। ऊं अंटावा से लेकर श्रीवल्ली और सामी सामी का खुमार लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। अब तक इन गानों पर लाखों रील्स बन चुके हैं। आम जनता से लेकर सिलेब्रिटीज तक ऊं अंटावा और श्रीवल्ली पर रील्स बना रहे हैं। ऊं अंटावा गाने को मशहूर बॉलिवुड कोरियॉग्रफर गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किया है, जबकि म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने दिया है। उन्होंने भी नहीं सोचा था कि यह गाना इस तरह हिट होगा। गणेश आचार्य ने ऊं अंटावा को कोरियोग्राफ करने और उसके पीछे की कहानी के बारे में बताया। गणेश आचार्य ने बताया कि उन्होंने अल्लू अर्जुन और सामंथा के साथ दो दिन रिहर्सल करने के बाद ऊं अंटावा शूट किया था। गणेश की मानें तो वह कुछ अलग तरह से गाने को शूट करना चाहते थे। ऊं अंटावा गाने के शूट के दौरान सामंथा बेहद नर्वस थीं। यह गणेश आचार्य ने बताया और कहा कि गाना अचानक ही प्लान हुआ था। सामंथा को मालूम नहीं था कि गणेश आचार्य गाने को कोरियोग्राफ करने वाले थे। गणेश आचार्य से पहले किसी और को इस गाने को कोरियोग्राफ करने के लिए साइन किया गया था, लेकिन फिल्म की रिलीज से कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने फैसला बदल गणेश आचार्य को साइन किया।

## राहुल वैद्य बने पुष्पा के श्रीवल्ली गाना गाकर यूं किया हुक स्टेप

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पाः द राइज का खुमार दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। अल्लू के फिल्म में हुक स्टेप से लेकर श्रीवल्ली और ऊं अंटावा गानों पर जमकर इंस्टाग्राम रील्स बन रहे हैं। अब राहुल वैद्य ने भी पुष्पा के श्रीवल्ली सॉन्ग पर प्यारा वीडियो बनाया है। बिग बॉस 14 में नजर आए सिंगर राहुल वैद्य ने न सिर्फ श्रीवल्ली गाना गाया है बल्कि अल्लू अर्जुन का पुष्पा वाला हुक स्टेप भी किया है। इस वीडियो को राहुल वैद्य ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। कैप्शन में लिखा है, श्ना माइक, ना म्यूजिक सिर्फ वॉइस। कितना खूबसूरत गाना है। राहुल वैद्य के इस वीडियो को देख फैंस उनकी आवाज और स्टाइल की तारीफ कर रहे हैं। राहुल वैद्य ही नहीं हाल ही नेहा कक्कड़ ने भी श्पुष्पाश के गाने श्ऊं अंटावाश पर किलर डांस मूव्स दिखाए थे। फिल्म में इस गाने को सामंथा रुथ प्रभु पर फिल्माया गया है। श्श्रीवल्लीश की तरह यह गाना भी सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। बता दें कि पुष्पाः द राइज फिल्म लाल चंदन की तस्करी पर आधारित है। फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना भी हैं।

## यकीन नहीं होगा पर ये नवाजद्दीन सिद्दीकी हैं, हवा–हवाई बन गिराई बिजली



नवाजद्दीन सिद्दीकी जल्द ही कंगना रनौत की फिल्म टीकू वेड्स शेरू में साथ नजर आने वाले हैं। कंगना ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है। असल में तस्वीर में नवाज एक लड़की के गेटअप में हैं। उनके लंबे बाल हैं, उन्होंने शिमरी गोल्ड गाउन पहन रखा है। कंगना ने नवाजुद्दीन की इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा है, हॉट। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फोटो फिल्म के एक गाने से है। कहानी में फिल्म की फीमेल लीड अवनीत कौर के किरदार का अपहरण हो जाता है। ऐसे में नवाज का किरदार लड़की बनकर गुंडों के बीच पहुंचता है और अवनीत को बचाता है। बताया यह भी जा रहा है कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी को इस रूप में ढालने के लिए मेकअप आर्टिस्ट्स को चार घंटे का वक्त लगा था। यह गेटअप एक गाने के लिए है, जिसे बॉस्को मार्टिस ने कोरियोग्राफ किया है। टीकू वेड्स शेरू में नवाजुद्दीन और अवनीत कौर पहली बार साथ में नजर आएंगे। अवनीत कौर टीवी की मशहूर ऐक्ट्रेस हैं। वह इस फिल्म के साथ बॉलिवुड डेब्यू कर रही हैं, जबकि इस फिल्म का निर्माण कंगना रनौत की मणिकर्णिका फिल्म्स कर रही है।

# गरीबी में बचपन बिताने वाले ब्रह्मानंदम हैं करोड़ों के मालिक



*साउथ की फिल्मों में आपने कई कमीडियन देखे होंगे, लेकिन एक कमीडियन ऐसा है जिसकी डायलॉग डिलिवरी से लेकर चेहरे के एक्सप्रेशन तक हंसी से लोट–पोट कर देते हैं। इस कमीडियन की साउथ सिनेमा में इतनी ज्यादा डिमांड है कि यह लगभग हर दूसरी फिल्म में दिखता है। यह हैं साउथ फिल्मों के कॉमिडी किंग ब्रह्मानंदम, जिन्हें वहां के सबसे महंगे कमीडियन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि ब्रह्मानंदम जिस भी फिल्म में होते हैं, उसका हिट होना तय होता है।*

आज ब्रह्मानंदम का बर्थडे है और इस मौके पर हम उनके बारे में कुछ मजेदार बातें बताने जा रहे हैं। ब्रह्मानंदम एक मशहूर ऐक्टर और कमीडियन ही नहीं बल्कि एक डायरेक्टर भी हैं, जो तेलुगु सिनेमा में खूब काम कर चुके हैं।

**1100 से फिल्में, गिनीज बुक अहफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में नाम**

वह 1100 से भी ज्यादा फिल्में कर चुके हैं। इतनी फिल्में करने वाले वह दुनिया के एकमात्र ऐक्टर हैं। इस कारण ब्रह्मानंदम का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में दर्ज है। जैसे–जैसे साउथ फिल्मों की पॉप्युलैरिटी बढ़ रही है और हिंदी भाषा के राज्यों में भी इनके लिए पसंद देखी जा रही है, वैसे–वैसे ही ब्रह्मानंदम भी उनके बीच खूब पॉप्युलर हो रहे हैं।

**लेक्चरर थे ब्रह्मानंदम, ऐसे हुई फिल्मों में एंट्री**

लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि ऐक्टर बनने से पहले ब्रह्मानंदम तेलुगु भाषा के लेक्चरर थे। वह पश्चिमी गोदावरी जिले में स्थित एटिली के एक कॉलेज में पढ़ाते थे। लेकिन उन्हें ऐक्टिंग का बहुत शौक था। इंडस्ट्री में ब्रह्मानंदम का कोई गॉडफादर नहीं था, पर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने दम पर अलग जगह बनाई। ब्रह्मानंदम को फिल्मों में लाने का श्रेय डायरेक्टर Jandhyala को जाता है, जिन्होंने ऐक्टर को फिल्म 'Aha Na Pellanta' में मौका दिया। चिरंजीवी को ब्रह्मानंदम की कॉमिक टाइमिंग बहुत पसंद आई और फिर उन्होंने ऐक्टर को आने वाली कई फिल्मों में मौका दिया।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**आज हाइएस्ट पेड कमीडियन्स में शामिल**

ब्रह्मानंदम ने 1987 में फिल्मों की दुनिया में कदम रखे। इसके बाद वह एक बाद के एक फिल्में करते गए और अपनी अलग पहचान बनाई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में नागार्जुन से लेकर रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, राम चरण और चिरंजीवी जैसे कई बड़े स्टार्स हैं। लेकिन उन सबके बीच ब्रह्मानंदम ने अपनी अलग जगह बनाई है। ब्रह्मानंदम की गिनती इंडिया के हाइएस्ट पेड कॉमिडी ऐक्टर्स में होती है। वह पद्म श्री जैसा सर्वश्रेष्ठ सम्मान भी पा चुके हैं।

**स्ट्रगल और गरीबी में बीता बचपन**

हालांकि ब्रह्मानंदम में जिंदगी में बेहद स्ट्रगल किया। उनका जन्म एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रह्मानंदम के पिता छोटा–मोटा काम करते थे और उससे होने वाली कमाई इतनी नहीं थी कि गुजारा हो सके।

**करोड़ों की संपत्ति, लग्जरी घर और कारें**

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मानंदम की नेट वर्थ करीब 340 करोड़ के आसपास है। उनकी ज्यादातर कमाई फिल्मों और विज्ञापनों से होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, वह एक फिल्म के लिए 1 से 2 करोड़ की फीस लेते हैं। ब्रह्मानंदम का हैदराबाद के पॉश एरिया में लग्जरी घर है, जिसकी कीमत करीब 5 करोड़ बताई जाती है। इसके अलावा जुहू और मड आइलैंड में भी ब्रह्मानंदम की प्रॉपर्टी है।

# शादी के 2 महीने बाद राजकुमार राव का ये है हाल

*बधाई दो के ऐक्टर राजकुमार राव ने 11 साल ऐक्ट्रेस पत्रलेखा को डेट करने के बाद नवंबर, 2021 में शादी कर ली थी। हालांकि कभी इन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात नहीं की। बस साथ की तस्वीरें और वीडियो ही अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करते रहते हैं। हालांकि हाल ही में दिए एक इंटरव्यू ने उन्होंने पोस्ट मैरिज के बाद की फीलिंग्स भी शेयर की हैं। और पोस्ट मैरिड लाइफ के मजेदार किस्से सुनाए।*



बातचीत के दौरान राजकुमार ने शादी के दो महीने होने के बाद अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कीं। बताया, पत्रलेखा से शादी के बाद काफी अच्छा महसूस हो रहा है। वह मेरी बेस्ट फ्रेंड है, मेरा प्यार, मेरी फैमिली है और मेरा सबकुछ है। इतने साल डेट करने के बाद शादी करने के सवाल पर ऐक्टर कहते हैं, हम कुछ दिनों से ही साथ रहने लगे थे। मैं अक्सर शूटिंग की वजह से बाहर ही रहता था और वह भी अपने शूट्स में बिजी रहती थी। लेकिन पिछले दो साल से, जब से लॉकडाउन लगा, तब हमें साथ में रहने के लिए समय मिला। और उसी समय हमें इस बात का एहसास हुआ कि हम अपनी पूरी लाइफ साथ बिता सकते हैं। और इसी के बाद हमने शादी करने का फैसला किया।

शादी के बाद आए बदलावों पर ऐक्टर बताते हैं, मैं अब खुद को पूरा महसूस कर रहा हूं। वैसे मैं और पत्रलेखा फिलहाल पति–पत्नी होने पर अभ्यास कर रहे हैं। मुझे अब उसको वाइफ बुलाना अच्छा लगता है। ऐक्टर ने अपनी लाइफ से जुड़ी कुछ अतरंगी बातें भी शेयर कीं। उनके मुताबिक, वह जब अकेले होते है, तो थिएटर्स में फिल्में देखते हैं और अकेले पानी–पूरी का भी लुफ्त उठाते हैं। वह बताते हैं, अगर मैं शहर से बाहर हूं और मेरे आस–पास पत्रलेखा नहीं होती तब मैं अकेले मूवी देखने जाता हूं। राजकुमार ने आगे बताया कि 11 साल साथ रहने के बाद भी वह वैसे ही हैं। उनमें कुछ बदलाव नहीं आया है। शूट पर होने की वजह से ज्यादा बात नहीं होती लेकिन जब होती है को वीडियो कॉल कर लेते हैं। हालांकि बाकी लोगों का कहना होता है कि 11 साल साथ रहने के बाद बात करने की इच्छा वैसी नहीं होती, जैसी किसी रिश्ते के पहले या दूसरे साल में होती है। लेकिन हमारे केस में सब उल्टा है। हमारी तो बात करने का समय बढ़ा ही है, कम कुछ नहीं हुआ है।